## महत्वपूर्ण एवं खास

### आंगनबाड़ी में रिक्त पदों के लिए 23 तक दावा-आपत्ति आमंत्रित

**रायगढ़।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ शहरी अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए आवेदन मंगाये गये थे। प्राप्त आवेदनों के जांच उपरांत प्राविधिक/अनंतिम मूल्यांकन सूची जारी की गई है। उक्त सूची के संबंध में किसी भी आवेदिका को कोई आपत्ति हो तो वे 26 जून 2023 सायं 5.30 बजे तक सीधे परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ शहरी में दावा-आपत्ति कर सकते है।

### प्री.बीएड एवं प्री.डीएलएड परीक्षा 17 जून को, डिप्टी कलेक्टर कंवर नोडल अधिकारी नियुक्त

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा प्री.बीएड एवं प्री.डीएलएड इंट्रेस परीक्षा 2023 आगामी 17 जून 2023 को दो पाली में आयोजित होगी। जिसमें प्रथम पाली प्रात: 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक एवं द्वितीय पाली में दोपहर 2 बजे से शाम 4.15 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा के सफल संचालन हेतु डिप्टी कलेक्टर रायगढ़ शिव कुमार कंवर मोबा.नं.81034-74124 को नोडल अधिकारी एवं प्रधान पाठक रामकुमार चौहान मोबा.नं.88711-65417 को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने ली कृषि और सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में खाद्य विभाग की समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर ने आगामी कृषि कार्यों के लिए मानसून के पूर्व की तैयारियाँ, बीज की उपलब्धता, रासायनिक उर्वरक और वर्मी खाद की उपलब्धता एवं भुगतान की स्थिति के बारे में जानकारी ली। बैठक में कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों से आगामी नवंबर-दिसंबर में खरीफ फसल के धान खरीदी की पूर्व तैयारियों और धान खरीदी केन्द्रों के समतलीकरण के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने मितान योजना, धान खरीदी केन्द्रों में धान भंडारण की व्यवस्था, सोसायटी के कार्य विवरण एवं समस्याएं, राशन कार्ड, रकबा वेरिफिकेशन, गिरदावरी, बफर लिमिट, भंडारण क्षमता, खरीदी केन्द्रों का चिन्हांकन, बारदाने की उपलब्धता के संबंध में चर्चा की एवं आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में खाद्य अधिकारी, कृषि विभाग एवं सहकारी बैंक के अधिकारी उपस्थित थे।

### महानदी पर निर्मित कलमा बैराज के सभी गेट 16 जून से 15 अक्टूबर तक खुले रहेंगे

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** जल संसाधन विभाग ने आम जनता को सूचित किया है कि महानदी पर निर्मित कलमा बैराज के सभी गेट 16 जून 2023 से 15 अक्टूबर 2023 तक खुले रहेंगे, जिससे बाढ़ में बैराज के नीचे महानदी में जल बहाव की मात्रा अत्यधिक बढ़ सकती है। बैराज के ऊपर और नीचे महानदी में मछली पकड़ना, फसल लगाना एवं नहाना सख्त मना है। यदि सर्वसाधारण या अन्य किसी के द्वारा सूचना का पालन नहीं किया जाता है तो ऐसी स्थिति में होने वाली जनधन की हानि होने पर जल संसाधन विभाग की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

### ट्रेलर की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** रेडियंट अस्पताल के सामने रायपुरा में ट्रेलर की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत हो गई। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले में डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# गर्डर नहीं हटने से चक्रपथ की ऊंचाई बढ़ाने का काम हो रहा प्रभावित, कलेक्टर सिन्हा ने रेलवे अधिकारियों को नोटिस जारी करने के दिए निर्देश

- खुला न रहे कोई भी बोर, भौतिक सत्यापन कर दें रिपोर्ट-कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा
- राजस्व प्रकरणों के निराकरण में लोगों को न हो असुविधा, कलेक्टर सिन्हा ने सभी एसडीएम तहसीलदारों को किया निर्देशित
- कलेक्टर सिन्हा ने कहा,निर्वाचन आयोग से मिले दायित्वों के अनुसार संबंधित विभाग तैयारियां करें शुरू
- कलेक्टर सिन्हा ने ली समय-सीमा की बैठक



**रायगढ़।** कलेक्टर सिन्हा ने समय-सीमा की बैठक में चक्रपथ पर ऊंचाई बढ़ाने के कार्य की समीक्षा की। ईई पीडब्ल्यूडी ने बताया कि काम शुरू कर दिया गया है। किंतु रेलवे द्वारा गर्डर वहां केलो नदी के बीच में और किनारे पर रखे गए हैं। जिसके कारण काम बाधित हो रहा है। रेलवे के अधिकारियों से इस संबंध में चर्चा भी की गई है, किन्तु अभी तक गर्डर हटाने की पहल नहीं की गई है। कलेक्टर सिन्हा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए रेलवे के संबंधित अधिकारियों को तत्काल नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह जनसुविधा से जुड़ा मामला है इसमें विलंब उचित नहीं है।

कलेक्टर सिन्हा ने बैठक में विशेष रूप से निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में कई स्थानों पर बोर हुए है, कोई भी बोर खुला ना रहे। सभी बोर को खुदाई के पश्चात ढंक दिया जाए, जिससे किसी प्रकार की दुर्घटना न हो। पहले भी इस तरह के कई मामले सामने आये है। अत: इसमें विशेष सतर्कता बरतते हुए सघन जांच अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि पीएचई के अधिकारी सुनिश्चित करें कि जहां पर भी बोर खुदाई हुई है वह खुदाई के पश्चात ढंका हुआ है। कलेक्टर सिन्हा ने सभी सीईओ जनपद पंचायतों को सचिवों के माध्यम से गांवों में इसका भौतिक सत्यापन करवाकर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसडीएम को प्राथमिकता से इस कार्य के विशेष मॉनिटरिंग के लिए निर्देशित किया।

कलेक्टर सिन्हा ने राजस्व मामलों को लेकर सभी संबंधित अधिकारियों से कहा कि पटवारियों की अनुपस्थिति से तहसील कार्यालय में राजस्व से जुड़े प्रकरणों के निराकरण में लोगों को असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शासन स्तर से भी आय व जाति प्रमाण-पत्र जारी करने के लिए दिशा-निर्देश जारी हुए है। सारे एसडीएम व तहसीलदार सुनिश्चित करें कि इन कार्यों के लिए लोगों को भटकना ना पड़े। उन्होंने इसके साथ ही नामांतरण बंटवारा के प्रकरणों का निपटारा भी करते रहने के निर्देश दिए है। कलेक्टर सिन्हा ने लोक सेवा गारंटी के लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा कर जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए। जल जीवन मिशन के कार्यों की धीमी प्रगति को लेकर कलेक्टर सिन्हा ने गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि टेंडर और वर्क ऑर्डर जारी करने के काम में तेजी लाएं। साथ ही जहां काम चल रहा है वहां गुणवत्ता की नियमित जांच करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर सिन्हा ने स्वास्थ्य विभाग के काम काज की भी समीक्षा की। उन्होंने हाट-बाजार क्लिनिक संचालन के बारे में जानकारी ली। इसके साथ ही तालाब गहरीकरण के प्रगति की भी समीक्षा की। कलेक्टर सिन्हा ने मुकडेगा और छाल के तहसील कार्यालयों के निर्माण कार्य जल्द शुरू करने के निर्देश दिए।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव, डीएफओ स्टायलो मण्डावी, डीएफओ धरमजयगढ़ अभिषेक जोगावत, अपर कलेक्टर राजीव पाण्डेय सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**विभाग निर्वाचन से जुड़े कार्यों की तैयारी करें शुरू-** कलेक्टर सिन्हा ने बैठक के दौरान निर्वाचन कार्यों के संबंध में विभागीय अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के द्वारा कार्यों को लेकर कैलेंडर जारी किया गया है। उसके अनुसार ही सारे कार्य किए जाने हैं। अभी ईवीएम मशीनों की फस्ट लेवल चेकिंग चल रही है। उन्होंने कहा कि विभागों को निर्वाचन से जुड़े जो दायित्व मिले हैं उसकी तैयारी प्रारंभ कर दें। उन्होंने मतदाता सूची पुनरीक्षण और अधिकारी-कर्मचारियों के प्रशिक्षण के संबंध में भी दिशा निर्देश दिए।

**गोधन न्याय योजना की हुई समीक्षा -** कलेक्टर सिन्हा ने गोधन न्याय योजना की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी गौठानों में अनिवार्य रूप से गोबर खरीदी करने तथा टांको में वर्मी कम्पोस्ट निर्माण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कम्पोस्ट निर्माण में कन्वर्जन रेशियो का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने बारिश के मद्देनजर भी जरूरी तैयारी रखने के लिए कहा। सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव ने भी इस दौरान सभी सीईओ जनपद व संबंधित विभागों के अधिकारियों को योजना के क्रियान्वयन के संबंध में दिशा निर्देश दिए।

## चक्रवाती तूफान : 14-15 जून को रद्द रहेगी शालीमार, अन्य ट्रेनें भी होंगी प्रभावित



**रायपुर (आरएनएस)।** चक्रवाती तूफान बिपरजॉय के खतरनाक होने के साथ ही बुधवार या गुरूवार को गुजरात के तटीय इलाके से टकराने के बाद इसके दुष्प्रभाव को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने सुरक्षा के लिहाज से पोरबंदर से रवाना होने वाली शालीमार एक्सप्रेस को रद्द कर दिया है।

तूफान के प्रभाव को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन की ओर से सुरक्षा को मुख्य लक्ष्य मानते हुए ट्रेन नंबर 12905 पोरबंदर-शालीमार एक्सप्रेस को 14 और 15 जून को रद्द कर दिया है। यह ट्रेन विपरीत दिशा से 16 और 17 जून को भी नहीं चलेगी। इसी तरह 12950 संतरागाछी-पोरबंदर एक्सप्रेस को अहमदाबाद स्टेशन में शॉर्ट टर्मिनेट कर दी गई। यह ट्रेन बिलासपुर रेलवे स्टेशन में भी रद्द रहेगी। इसी तरह ट्रेन नंबर 22906 शालीमार-ओखा एक्सप्रेस भी 13 जून को सुंदरनगर स्टेशन में शॉर्ट टर्मिनेट हो जाएगी।

हालांकि यह ट्रेन दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन से नहीं गुजरती। लेकिन उस क्षेत्र के यात्रियों को इसकी वजह से परेशानी होगी। इसी तरह बिलासपुर रेलवे स्टेशन से गुजरने वाली 22829 भुज-शालीमार एक्सप्रेस 13 जून को अहमदाबाद स्टेशन से प्रारंभ होगी।

## स्कूलों के निर्माण कार्य में तेजी लाने कलेक्टर सिन्हा ने दिए निर्देश

- कोई भी स्कूल नहीं होना चाहिए एकल शिक्षकीय- कलेक्टर सिन्हा
- कलेक्टर ने कहा नए शिक्षा सत्र में छात्रों के लिए सभी स्कूलों में गणवेश व पुस्तकें हो उपलब्ध



**रायगढ़।** जिले का कोई भी स्कूल एकल शिक्षकीय नहीं होना चाहिए। जिन स्कूलों में ऐसी स्थिति है वहां तत्काल दूसरे शिक्षकों की व्यवस्था करें। स्कूल प्रारंभ होने के पश्चात यह शिकायत नहीं आनी चाहिए। उक्त बातें कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में कही। कलेक्टर सिन्हा ने जिला शिक्षा अधिकारी से कहा कि जिले के ऐसे स्कूल जो एकल शिक्षकीय है, उन्हें चिन्हांकित करें तथा वहां अतिरिक्त शिक्षक की व्यवस्था करें। बैठक में सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव भी उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर सिन्हा ने अनुविभागवार स्कूल निर्माण कार्यों की समीक्षा की। काम के धीमे स्पीड को लेकर उन्होंने ईई आरईएस पर गहरी नाराजगी जतायी। उन्होंने कहा कि मैन पॉवर बढ़ाकर स्कूलों का निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा करवायें। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त तक सारे कार्य पूर्ण कर कर लिए जाएं। गौरतलब है कि जिले के डेढ़ हजार से अधिक स्कूलों में लगभग 130 करोड़ की लागत से निर्माण कार्य चल रहे हैं। इन स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त करने के साथ आवश्यकतानुसार अतिरिक्त कक्ष का निर्माण भी किया जा रहा है। बैठक के दौरान काम के क्वालिटी को लेकर कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि बच्चों से जुड़े काम में कही गुणवत्ता की शिकायत नहीं आनी चाहिए। काम में कही भी कोताही मिली तो संबंधित के ऊपर सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने सभी एसडीएम से बारी-बारी उनके अनुविभाग में चल रहे कामों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने सभी एसडीएम को उनके क्षेत्र के बीईओ एवं प्रिंसीपल की मीटिंग लेकर उनके स्कूलों में चल रहे कार्य की समीक्षा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिन्हा ने स्वामी आत्मानंद स्कूलों के निर्माण के संबंध में ईई पीडब्ल्यूडी से जानकारी ली व काम में तेजी लाने के लिए कहा।

कलेक्टर सिन्हा ने नये शिक्षा सत्र के पूर्व सभी स्कूलों में बच्चों के लिए शाला गणवेश व किताबें अनिवार्य रूप से पहुंच जाये यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रवेशोत्सव पर बच्चों को यह किताबें व गणवेश वितरित किया जाना है। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर रेखा चन्द्रा, एसडीएम रायगढ़ गगन शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी बी.बाखला, सहायक संचालक के.के.स्वर्णकार, डीएमसी नरेन्द्र चौधरी, ईई पीडब्लूडी आर.के. खाम्बरा, ईई आरईएस एल.एल. चौहान सहित सभी अनुविभाग के एसडीएम व आरईएस के एसडीओ उपस्थित रहे।

## चोरी की 7 मोटरसाइकिल के साथ आरोपी गिरफ्तार, कापू पुलिस की कार्यवाही

- सोल्ड और बिना नंबर बाइक को निशाना बनाया करता था शातिर बाइक चोर, धरमजयगढ़, कापू, पत्थलगांव में था सक्रिय

**रायगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के दिशा-निर्देशन पर कापू पुलिस द्वारा धरमजयगढ़, कापू, पत्थलगांव आसपास के क्षेत्र में सक्रिय शातिर बाइक चोर सुलेमान टोप्पो निवासी गणपतपुर रैरूमाखुर्द को रायमेर अटल चौक के पास चोरी की बाइक बेचने ग्राहक तलाश करते समय मुखबीर सूचना पर पकड़ा गया है। आरोपी सुलेमान टोप्पो के पास से कापू पुलिस द्वारा चोरी की 7 मोटरसाइकिलें बरामद किया गया है जिसे आरोपी द्वारा ग्राम रायमेर के पास जंगल में छिपा रखा था।

जानकारी के मुताबिक थाना कापू में पदस्थ प्रधान आरक्षक प्रदीप गहलोत, श्याम दास महन्त हमराह आरक्षक अपराध विवेचना, शिकायत जांच और वारंटी पतासाजी पर देहात पेट्रोलिंग पर थे। ग्राम रायमेर में कापू स्टाफ को मुखबीर से सूचना मिला कि रायमेर अटल चौक के पास एक व्यक्ति काफी कम दामों में बाइक बेचने के लिए ग्राहक तलाश कर रहा है, संभवत: व्यक्ति चोरी की बाइक रखा है।



सूचना पर तत्काल कापू स्टाफ द्वारा थाना प्रभारी कापू निरीक्षक आर.एस. नेताम को सूचित कर संदेही को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पकड़े गए युवक अपना नाम सुलेमान टोप्पो पिता मान साय टोप्पो उम्र 30 साल निवासी गणपतपुर पिपर डुगरू चौकी रैरूमाखुर्द थाना धरमजयगढ़ जिला रायगढ़ का होना बताया जिससे मोटर सायकलों के संबंध में कड़ी पूछताछ करने पर सुलेमान टोप्पो द्वारा विगत कुछ महीनों में धरमजयगढ़, चाल्हा, पत्थलगांव व अन्य विभिन्न स्थानों से सोल्ड व बिना नंबर मोटरसायकलों की चोरी कर रायमेर के जंगल में छुपा कर रखना बताया। आरोपी के मेमोरेंडम पर चोरी की 07 मोटर सायकल कीमत करीब रु.3,20,000 का जब्त कर आरोपी सुलेमान टोप्पो द्वारा चोरी की संपत्ति रखे जाने के युक्ति युक्त संदेह पर थाना कापू में धारा 41(1+4) CrPC/379 IPC की कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

एसएसपी सदानंद कुमार के निर्देशन तथा एडिशनल एसपी संजय महादेवा एवं एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के महत्वपूर्ण मार्गदर्शन पर आरोपी गिरफ्तारी एवं माल मशरूका की बरामदगी में थाना प्रभारी कापू निरीक्षक आर.एस. नेताम, प्रधान आरक्षक प्रदीप गहलोत, श्याम महंत, आरक्षक विजयन राठिया, दिलेश कुमार चंद्रा की प्रमुख भूमिका रही है।

**आरोपी से बरामद दुपहिया वाहन-**

(1) हीरो एचएफ डीलक्स रेड-ब्लैक सोल्ड, चेचिस नं0 MBLHAR 126HHJO 5878, इंजन नं0 HA11ENHHJ88324

(2) हीरो एचएफ डीलक्स रेड-ब्लैक सोल्ड, चेचिस नं0 MBLHA11 ATG4BO 1921, इंजन नं0 HA11EJ GHDO 1905

(3) हीरो एचएफ डीलक्स रेड-ब्लैक सोल्ड, चेचिस नं0 HAROH9L16489, इंजन नं0 HA11EPHQHP7111

(4) हीरो सीडी डीलक्स बिना नंबर चेचिस नं0 MBLH A11ERA 9K 09531, इंजन नं0 HA11EDA9K15476

(5) हिरो एचएफ डीलक्स रेड-ब्लैक बिना नंबर चेचिस नं0 MBLHA 11EUD9 V13219, इंजन नं0 HA11EE9V19271

(6) हीरो एचएफ डीलक्स रेड-ब्लैक बिना नंबर, चेचिस नं0 MBLHA11 AZAFE9 MO9696, इंजन नं0 HA11EKFO9346

(7) हीरो CD डीलक्स रेड-ब्लैक सोल्ड, चेचिस नं0 MBLHA 11ENG 9A 84822, इंजन नं0 HA11 ECC 9A23860

## हाईवा ने चार युवकों को रौंदा, ग्रामीणों ने रात भर किया चक्काजाम




**कोरबा-रायपुर (आरएनएस)।** उरगा थाना क्षेत्र के पाली-चैतमा मार्ग में बीती रात एक तेज रफ्तार हाईवा ट्रक ने बाइक सवार चार युवकों को रौंद दिया। हादसे के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने मार्ग रोककर चक्काजाम कर दिया।

सूत्रों ने बताया कि बिलासपुर-कटघोरा नेशनल हाईवे पर सडक़ निर्माण का काम चल रहा है। इसी काम में लगे एक हाईवा ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद भडक़े ग्रामीणों ने रात भर मार्ग बाधित कर दिया। ज्ञात हो कि वर्तमान में पाली से चैतमा तक सडक़ निर्माण का कार्य चल रहा हैं। दिलीप बिल्डकॉन ठेका कंपनी द्वारा पाली से चैतमा तक सडक़ निर्माण का काम कराया जा रहा हैं। बताया जा रहा हैं कि रात के वक्त ठेका कंपनी का मिक्सर हाईवा ट्रक पाली से चैतमा की ओर आ रहा था। इसी दौरान सामने से बाइक पर आ रहे 4 युवक हाईवा की चपेट में आ गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है।

## गृह मंत्री ने छत्तीसगढ़ राज्य केश शिल्पी कल्याण बोर्ड कार्यालय का किया शुभारंभ



**रायपुर (आरएनएस)।** गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने आज राजधानी रायपुर के गौतम नगर में छत्तीसगढ़ राज्य केश शिल्पी कल्याण बोर्ड कार्यालय का शुभारंभ किया। उल्लेखनीय है कि केश शिल्प एक पराम्परागत व्यवसाय के रूप में प्रचलित है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस व्यवसाय में संलग्न संवर्ग के समग्र विकास को सुनिश्चित करने, कल्याणकारी योजना बनाए जाने, केश शिल्प में नवीन तकनीक प्रणाली विकसित करने और शासन एवं संवर्ग के बीच समन्वय स्थापित किए जाने का निर्णय लिया है। केश शिल्प से जुड़े संवर्ग के हित के लिए सामाजिक-आर्थिक नीति तैयार किये जाने हेतु समाज कल्याण विभाग अन्तर्गत 'छत्तीसगढ़ राज्य केश शिल्पी कल्याण बोर्ड' का गठन किया गया है। 'छत्तीसगढ़ राज्य केश शिल्पी कल्याण बोर्ड' कार्यालय गुलाब नगर तीसरी गली, गौतम विहार, अमलीडीह रोड देवपुरी में स्थित है।

इस अवसर पर मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष अल्ताफ अहमद, केश शिल्पी कल्याण बोर्ड अध्यक्ष नंद कुमार सेन, उपाध्यक्ष चित्रकांत श्रीवास, छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण बोर्ड उपाध्यक्ष केशव बंटी हरमुख, जिला पंचायत मुंगेली की अध्यक्ष लेखनी सोनू चन्द्राकर, केश शिल्पी कल्याण बोर्ड के सदस्य सर्वश्री विजय कुमार सेन, धनुष सेन, शीत श्रीवास, दिलीप लहरिया, सचिव व्ही के उके एवं सहायक अनुसंधान अधिकारी लक्ष्मी माला मेश्राम सहित बोर्ड के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## सुराजी ग्राम योजना... मूंगफल्ली बेच कमाए 6 लाख, वर्मी से लगभग 3 लाख, आलू व प्याज से कमाए 20 हजार रुपए से अधिक

- सुराजी गांव योजना से महिलाएं घर कि जिम्मेदारी उठाने के साथ दूसरों के लिए बन रही प्रेरणास्रोत
- गौठान में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से महिलाएं बढ़ रही आर्थिक सशक्तिकरण की ओर



**रायगढ़।** सुराजी ग्राम योजना के माध्यम से आज ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका के साथ रोजगार के अवसर खुल रहे है। जिससे ग्रामीण महिलाएं भी घर संभालने के साथ ही अपनी मेहनत के दम पर स्वयं आर्थिक रूप से सशक्त हो रही है, साथ ही अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत बन रही है।

महिला सशक्तिकरण का उदाहरण देखने को मिला जिले के विकासखंड पुसौर में ग्राम लिजीर गोठान में, इस गोठान के सफल संचालन हेतु तारिणी महिला स्व-सहायता समूह एवं तुलसी स्व-सहायता समूह द्वारा वर्मी उत्पादन एवं केंचुआ पालन एवं कार्य किया जा रहा है। दोनों समूह द्वारा गोठान प्रारंभ से अब तक कुल वर्मी उत्पादन 945.50 क्विंटल किया गया हैं एवं विक्रय किया गया है। जिसका लाभांश राशि लगभग साढ़े 3 लाख रुपये से अधिक प्राप्त हुआ हैं। वही समूह द्वारा एक एकड़ में मूंगफली उत्पादन से लगभग साढ़े 6 लाख रूपये का लाभांश प्राप्त हुआ है। साथ ही बाड़ी कार्यक्रम के तहत आलू व प्याज उत्पादन से 20 हजार रुपये का लाभ मिला है।

तुलसी स्व-सहायता समूह की कुमारी बरेठ ने बताया कि लिंजिर गोठान में दो समूह कार्यरत है, जिनके द्वारा वर्मी उत्पादन, आलू, प्याज, मूंगफल्ली उत्पादन किया जा रहा है, जिससे समूह की महिलाएं अच्छी आय अर्जित कर रही है। तारिणी स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष सेवती बारीक बताती है कि समूह के महिलाओं की मेहनत का परिणाम है की गोठान में विभिन्न गतिविधियों से समूह के सदस्यों को लाभ हो रहा है। इसी प्रकार उत्तरा बरेठ ने बताया कि वे अर्जित आय से सिलाई मशीन एवं बक्सा खरीद चुकी है, उनके साथ सुलोचना ने भी सिलाई मशीन खरीदी है। ललिता ने टीवी तथा संतोषी ने कूलर क्रय किया है। उन्होंने बताया कि गोठान के गतिविधियों के माध्यम से अतिरिक्त आय प्राप्त होने से जरूरत एवं अन्य सुविधाएं जुटाने में सहायता मिल रही है। इसके साथ ही महिला स्व-सहायता समूह के अन्य सदस्यों द्वारा प्राप्त आय का उपयोग घर खर्च, स्कूल फीस, स्वास्थ्य उपचार, आभूषण खरीदने एवं मकान मरम्मत जैसे कार्यों में किया जा रहा है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480